प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 06.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतगणना के दौरान गड़बड़ी किये जाने के ममता बनर्जी के आरोपों को किया खारिज, भाजपा ने सरकार गठन की प्रक्रिया तेज की।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन पर रोक लगाने, संगठित अपराध पर नियंत्रण और अफीम की खेती खत्म करने का दिया निर्देश।
3. राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने आम जनता के साथ कुशल व्यवहार रखने और बेहतर पुलिसिंग अपनाने पर दिया जोर।
4. राज्य के सभी जिलों के निबंधन कार्यालयों में आज से जमीन और मकान की रजिस्ट्री और म्यूटेशन सेवाएं हो जायेंगी शुरू।

5. मौसम विभाग ने 11 मई तक राज्य में आंधी–पानी की जतायी संभावना, लोगों से सतर्क रहने की अपील।

*******************

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में मतगणना के दौरान गड़बड़ी के दावों को खारिज कर दिया है। तृणमुल कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वे चुनाव नहीं हारी हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से भी इनकार कर दिया।

इस मामले में झारखंड के पूर्व महाअधिवक्ता अजीत कुमार ने बताया कि इस्तीफा नहीं देने की स्थिति में संविधान के तहत राज्यपाल के पास ममता बनर्जी को पद से बर्खास्त करने का अधिकार होगा।

इधर भाजपा ने बंगाल में सरकार के गठन और शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को होने की संभावना है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वर्षों के संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वे कल सरायकेला खरसांवा जिले में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर आयोजित जश्न कार्यक्रम में बोल रहे थे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च अधिकारियों और सभी जिलों को नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन पर रोक लगाने, संगठित अपराध पर नियंत्रण और अफीम की खेती खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। वे कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि–व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लापता बच्चों और महिलाओं के मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा आम जनता के साथ पुलिस के बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। भू–माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

*******************

राज्य सरकार ने रांची स्थित कांके में राज्यस्तरीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसकी स्थापना के लिए रिनपास परिसर में जमीन चिह्नित की गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए चालू वित्त वर्ष के बजट में राशि का भी प्रवधान किया है। सेंटर में देसी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार के साथ–साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए काउंसिलिंग की भी व्यवस्था होगी।

*******************

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के तहत दी जाने वाली पेंशन का भुगतान भौतिक सत्यापन के बाद करने का निर्णय लिया है। सरकार ने यह निर्णय सोशल ऑडिट के दौरान मृत व्यक्तियों के खाते में किये जा रहे भुगतान के मामले आने के कारण लिया है। सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में पेंशन लाभुकों को अब एनएसएपी–पीपीएस पोर्टल पर अपना सत्यापन कराना होगा। सत्यापन 15 से 30 मई तक चलेगा। इस अवधि में सत्यापन नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम पेंशन लाभुकों की सूची से हटा दिया जायेगा।

*******************

राज्य की पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार और झारखंड पुलिस की बेहतर छवि को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने पर जोर दिया है। वे कल सभी जिलों के थाना और ओपी प्रभारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का भी निर्देश दिया। यह प्रशिक्षण 5 से 29 मई के बीच हो रहा है जिसमें पुलिस व्यवहार, मीडिया ब्रीफिंग, बीएनएसएस के प्रावधान, सर्च–सीजर और सीसीटीएनएस जैसे विषय पर चर्चा होनी है।

*******************

राज्य के सभी जिलों के निबंधन कार्यालयों में आज से जमीन और मकान की रजिस्ट्री और म्यूटेशन की सेवाएं शुरू हो जायेंगी। कल देर शाम झारभूमि पोर्टल के झार म्यूटेशन, झार वसुधा, झार भू–लगान एवं झार भूमि का सर्वर ओपन हो गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि सभी संबंधित पोर्टल के मेंटेनेंस के लिए 30 अप्रैल की दोपहर से 4 मई की सर्वर डाउन रहने की जानकारी दी गयी थी।

*******************

राज्य के कई जिलों में कल जनता दरबार का आयोजन किया गया। रांची के विभिन्न अंचलों में आयोजित जनता दरबार में सैकड़ों मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन–द–स्पॉट निष्पादन करते हुए पात्र लाभुकों को प्रमाण–पत्र और सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं जामताड़ा जिले में उपायुक्त आलोक कुमार ने कल अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाया और प्रखंडों से आए लोगों की समस्याओं के निष्पादन का निर्देश पदाधिकारियों को दिया।

*******************

गिरिडीह में बीती रात सीसीएल की बनियाडीह के सीपी साइडिंग पर कोयला लूटने की कोशिश में सुरक्षा गार्ड और चोरों के बीच हुए संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने सीसीएल गार्ड पर हत्या का आरोप लगाया है। इधर चोरों के हमले में आधे दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मी भी घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसकी पुष्टि सदर एसडीपीओ ने की है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार 11 मई तक राज्य में आंधी–पानी की संभावना है। छह से नौ मई तक राज्यभर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का संभावना जताई है। राज्यभर में आंशिक रूप से बादल भी छाये रहेंगें। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – ममता बोलीं– सीएम पद से नहीं दूंगी इस्तीफा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– ममता बनर्जी इस्तीफा दें या नहीं, नयी सरकार गठित होगी।

दैनिक भास्कर ने राज्य की विधि–व्यवस्था पर समीक्षा की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। सीएम हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– जमीन विवाद तत्काल निपटायें, भू–माफिया को संरक्षण नहीं मिले।

हिन्दुस्तान ने सुप्रीम कोटै में जजों की संख्या बढ़कर 38 होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************